CLASS : 10th (Secondary) **Code No. 2701**

**Series : Sec. M/16**

रोल नं० | | | | | | | | | | | **SET : A**

# हिन्दी

***ACADEMIC***

**1st SEMESTER**

(Only for Re-appear Candidates)

**(Morning Session)**

*समय* ***2½*** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***8*** *तथा प्रश्न* ***13*** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*



www.mseducationtv.com

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) विकारी शब्द छाँटकर लिखिए : 2

सहसा, तक, नारी, अच्छा।

(ख) जातिवाचक संज्ञा व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में कैसे प्रयुक्त होती है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) पुरुषवाचक सर्वनाम की परिभाषा लिखिए। 1

(घ) हम पुस्तक पढ़ेंगे। (कर्मवाच्य वाक्य बनाइए) 1

(ङ) अच्छे नागरिक देश का नाम रोशन करते हैं। (मिश्रवाक्य बनाइए) 1

**2.** (क) 'चौपाई' छंद का लक्षण लिखिए। 2

(ख) 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा दीजिए। 2

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) योगासन का महत्त्व,

(ख) राष्ट्रभाषा हिन्दी,

(ग) युवावर्ग एवं नशाखोरी,

(घ) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या,

(ङ) परिश्रम का महत्त्व।



www.mseducationtv.com

**4.** विद्यालय में पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

मित्र की माता जी के असामयिक निधन पर सांत्वना देते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) *'समुझी बात कहत मधुकर के'* – यहाँ 'मधुकर' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

(i) भ्रमर (ii) श्रीकृष्ण

(iii) उद्धव (iv) गोपियाँ

(ख) *'नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा।।'* – ये शब्द किसने कहे ?

(i) लक्ष्मण ने (ii) परशुराम ने

(iii) श्रीराम ने (iv) जनक ने



www.mseducationtv.com

(ग) *'तरजनी देखि मरि जाहीं'* – यहाँ 'तरजनी' का अर्थ है :

(i) गर्जन (ii) तर्जन

(iii) मध्यमा अँगुली (iv) अँगूठे के पास की अँगुली

(घ) देव कृत 'कवित्त' के अनुसार वसंत में झूला कौन झुलाता है ?

(i) पवन (ii) वर्षा

(iii) सखियाँ (iv) सावन

(ङ) 'आत्मकथ्य' कविता में गुन-गुनाकर अपनी कहानी कौन कहता है ?

(i) कवि (ii) मधुप

(iii) कोकिल (iv) खिलते फूल

**6.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

*लखन उत्तर आहुति सरिस, भृगुपति कोप कृसानु।*
*बढ़त देखि जल सम बचन, बोले रघुकुल भानु।।*

(क) प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन हैं ?

(ख) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ग) लक्ष्मण के उत्तर को किसके समान बताया गया है ?

(घ) परशुराम के क्रोध को किसके समान बताया है ?

(ङ) श्रीराम के वचनों को किसके समान बताया है ?



www.mseducationtv.com

**7.** *जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।*
*सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।*
*सु तो ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।*
*यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।।*

(क) उपर्युक्त काव्यांश का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) उपर्युक्त काव्यांश का शिल्प-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) उपर्युक्त काव्यांश के भाषा-वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए। 2

**8.** (क) 'आत्मकथ्य' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) *'प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दे'* – इस पंक्ति का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**खण्ड – ग**

**9.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का मूलभाव क्या है ?

(i) देशभक्ति (ii) सामाजिक भाव

(iii) राजनीतिक चेतना (iv) आर्थिक चेतना



www.mseducationtv.com

(ख) नेताजी की मूर्ति बनाने वाला मोतीलाल पेशे से क्या था ?

(i) मूर्तिकार        (ii) पूर्व सैनिक

(iii) अध्यापक        (iv) पान बेचने वाला

(ग) बालगोबिन भगत कबीर को क्या मानते थे ?

(i) साहब        (ii) गुरु

(iii) संत        (iv) भगवान

(घ) 'लखनवी अंदाज' पाठ में किस पर व्यंग्य किया है ?

(i) पतनशील सामंती वर्ग        (ii) लखनवी नवाब

(iii) उच्चवर्ग        (iv) सफेदपोश

(ङ) फादर बुल्के ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई किस वर्ष में छोड़ दी ?

(i) प्रथम        (ii) द्वितीय

(iii) तृतीय        (iv) अंतिम

**10.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

$1 \times 5 = 5$

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह ! कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किंतु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी



www.mseducationtv.com

मानते। उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है ?

(ख) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं ?

(ग) बालगोबिन भगत की संगीत-साधना की पराकाष्ठा कब देखी गई ?

(घ) बालगोबिन भगत अपने बेटे को किस कारण अधिक प्यार करते थे ?

(ङ) बालगोबिन भगत के अनुसार कैसे आदमियों पर ज्यादा निगरानी की आवश्यकता है ?

**11.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2 = 6

(क) 'नेता जी का चश्मा' पाठ के आधार पर पान वाले के चरित्र की किन्हीं ***दो*** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'लखनवी अंदाज' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) पठित पाठ के आधार पर फादर कामिल बुल्के की कौन-सी छवि उभरती है ?



www.mseducationtv.com

**12.** रामवृक्ष बेनीपुरी ***अथवा*** यशपाल का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**खण्ड – घ**

**13.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) 'माता का अँचल' पाठ में लेखक का तारकेश्वरनाथ से भोलानाथ नाम कैसे पड़ा ?

(ख) 'मरदुए क्या जानें कि बच्चों को कैसे खिलाना चाहिए' – यह कथन किसने किस प्रसंग में कहा है ?

(ग) 'नयी दिल्ली में सब था ... सिर्फ नाक नहीं थी' – इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ?

(घ) अखबारों ने जिंदा नाक लगाने की खबर को किस तरह से प्रस्तुत किया ?

(ङ) 'साना-साना हाथ जोड़ि ...' पाठ के माध्यम से लेखिका क्या दर्शाना चाहती है ?



www.mseducationtv.com